पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय सीतापुर प्रथम पाली
द्वितीय सावधिक परीक्षण
विषय हिंदी कक्षा षष्ठी

समय **90** मिनट पूर्णांक **40**

आवश्यक निर्देश –

सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

प्रश्न **1)** नीचे दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ें एवं दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें। **1x5=5**

संसार में सबसे मूल्यवान वस्तु समय है क्योंकि दुनिया की अधिकांश वस्तुओं को घटाया-बढ़ाया जा सकता है, पर समय का एक क्षण भी बढ़ा पाना व्यक्ति के बस में नहीं है। समय के बीत जाने पर व्यक्ति के पास पछतावे के अलावा कुछ नहीं होता। विद्यार्थी के लिए तो समय का और भी अधिक महत्त्व है। विद्यार्थी जीवन का उद्देश्य है शिक्षा प्राप्त करना। समय के उपयोग से ही शिक्षा प्राप्त की जा सकती है। जो विद्यार्थी अपना बहुमूल्य समय खेल-कूद, मौज-मस्ती तथा आलस्य में खो देते हैं वे जीवन भर पछताते रहते हैं, क्योंकि वे अच्छी शिक्षा प्राप्त करने से वंचित रह जाते हैं और जीवन में उन्नति नहीं कर पाते। मनुष्य का कर्तव्य है कि जो क्षण बीत गए हैं, उनकी चिंता करने के बजाय जो अब हमारे सामने हैं, उसका सदुपयोग करें।

प्रश्न

(क) समय को सबसे अमूल्य वस्तु क्यों कहा गया है?
(i) इसका एकक्षण भी घटाया-बढ़ाया नहीं जा सकता
(ii) सम्य व्यक्ति के वश में नहीं है।
(iii) समय ही व्यक्ति के जीवन को बदल सकता है
(iv) मनुष्य उस समय की गति को नहीं रोक सकता

(ख) विद्यार्थी जीवन का उद्देश्य है
(i) जीवन को सुखी बनाना
(ii) गुरुओं का आदेश मानना
(iii) व्यक्ति के जीवन में समय का महत्त्व
(iv) शिक्षा प्राप्त करना

(ग) विद्यार्थी जीवन भर क्यों पछताते रहते हैं ?
(i) क्योंकि वे आलसी होते हैं
(ii) जो अपना कीमती समय मौज मस्ती और आलस्य में खो देते हैं।
(iii) जो ज्ञान प्राप्त नहीं करते।
(iv) जो विद्यार्थी माता-पिता और गुरुओं की आज्ञा का पालन नहीं करते

(घ) संमय के संबंध में व्यक्ति का क्या कर्तव्य बताया गया है?
(i) परिश्रम करें
(ii) मन लगाकर पढ़ाई करें

(iii) बीते समय के बारे में पश्चाताप न करके वर्तमान समय का सदुपयोग करें
(iv) असफल होने पर निराश न हों, पुनः प्रयास करें

(ङ) उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक सुझाइए
(i) समय का सदुपयोग
(ii) समय और मनुष्य
(iii) विद्यार्थी और समय
(iv) अमूल्य समय

प्रश्न 2) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही पांच के उत्तर विस्तार पूर्वक लिखें। **3x5=15**

1) हेलेन केलर के जीवन के विषय में पांच वाक्य लिखें।
2) लोकगीत पाठ के आधार पर भारत के विभिन्न क्षेत्रों में गाए जाने वाले पांच लोकगीतों के प्रकार लिखें ।
3) गांधी जी आश्रम में कौन-कौन से कार्य करते थे?
4) पुराने जमाने की लिखी हुई किताबें न होने पर भी हम उस समय के बारे में कैसे जान सकते हैं ?
5) अपने छुटपन में बच्चे अपनी मां के बहुत करीब होते हैं। इस कविता में नजदीकी की कौन सी स्थितियां बताई गई है?
6) यह क्यों कहा गया है कि मां बड़ा बनाकर बच्चों को छलती है?

प्रश्न 3) निम्नलिखित पाठों को उनके लेखक/कवि से सुमेलित करें। **1x5=5**

झांसी की रानी	भगवतशरण उपाध्याय
संसार पुस्तक है	सुमित्रानंदन पंत
लोकगीत	सुभद्रा कुमारी चौहान
नौकर	जवाहरलाल नेहरू
मैं सबसे छोटी होऊँ	अनु बंद्योपाध्याय

व्याकरण एवं भाषा कार्य

प्रश्न 4) नीचे दिए गए शब्दों में इला प्रत्यय जोड़कर के शब्द बनाएं **1x4=4**

1) जोश   ख) गर्व   ग) रंग   घ) खर्च

प्रश्न 5) नीचे दिए गए शब्दों के दो दो पर्यायवाची लिखें **1x2=2**

1) पहाड़   क) नदी

प्रश्न 6) स्थानांतरण प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए अपने विद्यालय के प्राचार्य को प्रार्थना पत्र लिखें। 4

अथवा

मां अक्सर अपने छोटे बच्चों को चांद दिखाकर कविता अथवा लोरी गाती है ऐसी किसी कविता की कम से कम आठ पंक्तियां लिखो।

बाल राम कथा

प्रश्न 7) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

1) सोने का हिरण कौन बना था? **1**
2) रावण सीता को लेकर किस दिशा में गया था? **1**
3) यात्रा के आरंभ में राम लक्ष्मण पर किस राक्षस ने आक्रमण किया? **1**
4) राम ने सीता का पता किससे किससे पूछा? **2**